हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

11 आराध्य गरबा के पंचम दिवस पर रॉयल रजवाड़ा ...



12 डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी से बचाव की दी जानकारी



नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-
एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

खबर संक्षेप

गोकुलपुर में 18 को खेमिन की पंडवानी

धमतरी। आदर्श युवा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 18 अक्टूबर रविवार को रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक लक्ष्मी निवास चौक गोकुलपुर वार्ड में पंडवानी कार्यक्रम रखा गया है। प्रसिद्ध पंडवानी गायिका खेमिन यादव अपनी प्रस्तुति देंगी। इस दौरान पद्म विभूषण तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

अपार आईडी : यू-डाइस में 98.99 फीसदी विद्यार्थियों की एंट्री पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल स्वरूप देने की दिशा में शिक्षा विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। यू-डाइस के तहत जिले में 98.99 प्रतिशत विद्यार्थियों की एंट्री पूरी हो चुकी है। अब शेष विद्यार्थियों की जानकारी दर्ज करने के साथ अपार आईडी निर्माण की प्रक्रिया को गति देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी के मार्गदर्शन में लंबित मामलों के निराकरण और विद्यार्थियों के डिजिटल रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

- लंबित मामलों के निराकरण के लिए निजी स्कूलों को एक सप्ताह का समय

जिले में यू-डाइस के अंतर्गत कुल एक लाख 47 हजार 84 विद्यार्थियों की एंट्री का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से एक लाख 45 हजार 605 विद्यार्थियों की जानकारी दर्ज की जा चुकी है। अब केवल 1,479 विद्यार्थियों की एंट्री शेष है। वहीं, जिले में एक लाख 32 हजार 795 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जा चुकी है, जो कुल विद्यार्थियों का 90.35 प्रतिशत है। शेष विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए विभाग प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर करने पर जोर दे रहा है।

डिजिटल शिक्षा में धमतरी की बड़ी उपलब्धि, अपार आईडी बनाने में तेजी लाने शिक्षा विभाग सक्रिय

दस्तावेजों में सुधार के लिए पालकों को किया जा रहा जागरूक

अपार आईडी निर्माण के दौरान विद्यार्थियों के नाम, उपनाम और जन्मतिथि में आधार कार्ड तथा स्कूल रिकॉर्ड के बीच अंतर सामने आने से कुछ मामले लंबित हैं। आधार अपडेट, जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन और पालकों की सहमति जैसी प्रक्रियाओं के कारण भी देरी हो रही है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दस्तावेजों में सुधार कराना जरूरी है।



लापरवाही पर सख्ती, निजी स्कूलों को निर्देश

यू-डाइस एंट्री में पीछे चल रहे निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना और अपार आईडी निर्माण में तेजी लाना है। अपार आईडी से विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अंकसूची और उपलब्धियों को डिजिटल पहचान से जोड़ने में मदद मिलेगी।


धीकुड़िया में रिवर कैंपिंग से ग्रामीण पर्यटन और आजीविका की नई राह

सोंढूर नदी के किनारे सजी टेंट सिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर मगरलोड ब्लाक की ग्राम पंचायत मोहेरा का आश्रित ग्राम धीकुड़िया युवाओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए आफ बीट डेस्टिनेशन बन गया है। भीड़भाड़ से दूर एक अनोखी अनजानी जगह पर रिवर साइड सोंढूर नदी के किनारे कैंपिंग के साथ ग्रामीण संस्कृति को पर्यटन के साथ जोड़ने की पहल शुरू हो गई है।

14 अक्टूबर को जिला प्रशासन एवं बनमनाई इको केयर फाउंडेशन ने ग्राम धीकुड़िया में सोंढूर नदी के किनारे रिवर कैंपिंग एवं ग्रामीण पर्यटन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। नदी किनारे दूर-दूर तक फैले रेतीले तट, आसपास की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध ग्रामीण संस्कृति के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिला, युवतियां, बच्चों, बुजुर्गों सहित पर्यटन विशेषज्ञों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ना, स्थानीय सांस्कृतिक परंपराओं को पर्यटन का हिस्सा बनाना तथा पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण आजीविका की नई संभावनाओं को विकसित करना है।





सामुदायिक पर्यटन से रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी



धीकुड़िया में आयोजित रिवर कैंपिंग कार्यक्रम सिर्फ रात्रिकालीन पर्यटन गतिविधि नहीं बल्कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी से पर्यटन विकास की संभावनाओं को समझने और परखने का प्रयास रहा। गांव की प्राकृतिक संपदा, सोंढूर नदी का रेतीला तट, पक्षी विविधता, कमार जाति की संस्कृति, पारंपरिक लोक कलाएं, ग्रामीण जीवन शैली को एक साथ जोड़कर विशिष्ट पर्यटन अनुभव विकसित किए जा सकते हैं।

कमार जनजाति का पारंपरिक मत्स्य आखेट



कार्यक्रम के दौरान कमार जनजाति द्वारा अपनाई जाने वाली -रेड़ी बांधना- पद्धति से मछली पकड़ने की पारंपरिक गतिविधियों का अनुभव कराया गया। स्थानीय समुदायों के नदी से जुड़े जीवन, पारंपरिक, कौशल और पीढ़ियों से चली आ रहे अनुभव जन्य ज्ञान को समझने का अवसर मिला।

पक्षियों की 100 से अधिक प्रजातियां मौजूद

कैंपिंग के अगले दिन सुबह आगंतुकों ने सोंढूर नदी के आसपास पक्षी अवलोकन (बर्ड वॉचिंग) की गतिविधि में भाग लिया। ग्राम धीकुड़िया अपने समृद्ध प्राकृतिक परिवेश, पक्षी विविधता के लिए विशेष स्थान रखता है। यहां पक्षियों की 100 से अधिक प्रजाति है। सुबह के समय नदी स्नान का भी आनंद लिया गया।

महिलाओं की आजीविका और आत्मनिर्भरता

स्थानीय महिलाओं द्वारा भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था पारंपरिक व्यंजनों की प्रस्तुति, पर्यटकों के लिए आतिथ्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन तथा कैंपिंग से जुड़ी सेवाओं के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने की संभावनाओं पर विचार किया गया। इससे महिलाओं, युवाओं, पारंपरिक कलाकारों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बनेंगे।

नदी किनारे टेंट कैंपिंग का अनुभव

रिवर कैंपिंग अंतर्गत सोंढूर नदी के विस्तृत रेतीले तट पर टेंट लगाए गए जहां आगंतुकों के लिए रात्रि विश्राम की व्यवस्था रही। कैंपिंग स्थल पर ही रात्रि भोजन एवं सुबह के नाश्ते की व्यवस्था की गई। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों को कैंपिंग पर्यटन की व्यवहारिक पहलुओं, अतिथि सत्कार, भोजन व्यवस्था और पर्यटकों के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधाएं विकसित करने की संभावनाओं से परिचित कराया। स्थानीय युवतियों को पहली बार आगंतुकों के साथ टेंट पर रात्रि विश्राम करने का अवसर मिला। झिलमिल सितारों से भरे खुले आसमान के नीचे नदी किनारे टेंट में ठहरना कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।

ग्रामीण संस्कृति को पर्यटन से जोड़ने की पहल

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ स्थानीय लोक संस्कृति, पारंपरिक कलाओं, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं पर्यटन में प्रभावी उपयोग को लेकर चर्चा हुई। गांव में प्रचलित ढंढरिया, राउत नाचा, बांसगीत, मानस पाठ एवं अन्य लोक विधाओं को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत करने की संभावनाओं पर विचार किया गया। विशेष जोर इस बात पर दिया गया कि पर्यटक केवल प्राकृतिक स्थलों के भ्रमण तक सीमित न रहे बल्कि आगंतुकों को स्थानीय जीवन शैली, लोक संगीत परंपराओं और समुदायों के सांस्कृतिक अनुभव से भी परिचित कराएं। सांस्कृतिक गतिविधियों में बांसुरी वादन, पारंपरिक बांसगीत की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही।

आजीविका के नये अवसर बनेंगे : कलेक्टर मिश्रा

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण पर्यटन का वास्तविक आधार गांव के लोग, उनकी संस्कृति, उनका पारंपरिक ज्ञान और उनके आसपास का प्राकृतिक परिवेश है। स्थानीय समुदाय को पर्यटन के केन्द्र में रखकर न केवल आगंतुकों को विशिष्ट अनुभव दिए जा सकते हैं बल्कि ग्रामीण महिलाओं, युवाओं, लोक कलाकारों के लिए आजीविका के नये अवसर भी विकसित किए जा सकते हैं।

मगरलोड थाना से सौ मीटर की दूरी पर बिक रहा है गांजा



- ग्राम विकास समिति भैंसमुंडी ने एसपी से शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मगरलोड-भैंसमुंडी में गांजा पीने से 8 से 10 बच्चों का मानसिक रुप से बीमार होने का मामला सामने आया है। ग्राम विकास समिति भैंसमुंडी ने एसपी को आवेदन कर कार्रवाई करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिला एवं पुलिस प्रशासन नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चला रहे हैं फिर भी मगरलोड थाना से 100 मीटर की दूरी पर गांजा बिकना सिस्टम पर सवाल खड़ा कर रहा है।

गुरुवार को ग्राम विकास समिति भैंसमुंडी के अध्यक्ष विमल ध्रुव, उपाध्यक्ष तीरथराम साहू, सचिव विक्रम कोसरिया, सुखदेव साहू, ताराचंद साहू ने पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि भैंसमुंडी-मगरलोड थाना के पीछे करीब 100 मीटर की दूरी पर एक परिवार गांजा का बिक्री करता है। इसकी सूचना मगरलोड थाना को पिछले 10 साल से देते आ रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। आवेदन में कहा है कि गांजा पीने के कारण लगभग 8 से 10 बच्चे मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गए हैं। इनमें से दो से तीन लड़कों को मनोरोग विशेषज्ञ चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। वहां से वापस आने पर फिर से गांजा पीकर अपने घर परिवार और गांव में गाली-गलौज कर माहौल खराब कर रहे हैं। इसके बावजूद मगरलोड पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। ग्राम विकास समिति ने एसपी से ठोस कार्रवाई की मांग की है।

वन विभाग के तार घेरा पर आपत्ति

ग्राम विकास समिति भैंसमुंडी ने कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन सौंपा। भैंसमुंडी-मगरलोड शासकीय कालेज के आगे धरसा है जिस पर वन विभाग गड्ढा खोदकर सीमेंट पोल खड़ा कर तार घेरा करने की तैयारी कर रहा है। उसी धरसा के माध्यम से गांव के जानवर, चरवाहा, किसान जंगल की तरफ जाते हैं। रास्ता बंद होने पर सभी लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। समिति ने कलेक्टर से उक्त जगह का निरीक्षण कराकर किसान, वाहन, जानवर, बैलगाड़ी आदि के आवागमन के लिए रास्ता दिलाने की मांग की है।

बेलरगांव में गरबा नृत्य और डे-नाइट कबड्डी आज से

नगरी। कृषि एवं ग्राम विकास समिति तथा नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति बेलरगांव के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर दो बड़े आयोजनों की तैयारी जोरों पर है। समिति द्वारा इस वर्ष 17 अक्टूबर से युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं।

जमीन मामले पर राइस मिलर को मिली धमकी

- एसपी से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



तीन साल पहले हुए जमीन के सौदे की रजिस्ट्री कराने की धमकी मिलने पर पीड़ित राइस मिलर ने लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को जागृतराम साहू पिता प्रहलाद उम्र 50 वर्ष ग्राम तरसींवा तहसील जिला धमतरी निवासी ने जिला पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की है कि 16 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी के साथ अंबेडकर चौक स्थित अस्पताल आया था। इसी दौरान दोपहर में उसके मोबाइल पर कॉल आया। फोनकर्ता ने कोर्रा में स्थित उसकी जमीन को खरीदने का झांसा दिया। खरीददार समझ कर उसे अस्पताल के पास बुला लिया। फोन करने वाले ने उसे जमीन खरीदना है, कहकर सफेद रंग की कार में बिठा लिया। कार में पहले से तीन लोग सवार थे। कार में बैठते ही उसने अश्लील गाली-गलौज की। साथ ही राइस मिल को जला देने, उसकी बेटी को रायपुर से उठावा लेने व जान से मारने की धमकी दी। उसे सुमित बाजार के पास स्थित कार वाशिंग सेंटर में लाया गया। यहां जमीन दलाल व रेस्टोरेंट संचालक सहित 4 से 5 लोग पहुंच गए। तीन साल पहले हुई कोर्रा की जमीन की खरीदी बिक्री का हवाला देते हुए रजिस्ट्री कराने की बात कही। एग्रीमेंट की अवधि 6 माह के कहने पर उक्त लोगों द्वारा कोर्रा की जमीन की हर हाल में रजिस्ट्री देनी होगी कहकर डराते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी। इसी दौरान परिचित की मोटरसाइकिल में बैठकर पत्नी के पास अस्पताल पहुंचा।

इस घटना से वह व उसका परिवार दहशत में है। पीड़ित राइस मिलर ने कहा कि अगर उसे व उसके परिवार को भविष्य में कुछ होता है तो उसके लिए उक्त जमीन दलाल व उसके साथी जिम्मेदार होंगे। पीड़ित ने एसपी से उक्त जमीन दलाल के खिलाफ अपराध दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने का निवेदन किया है।



खबर संक्षेप



कुर्रा में नवदुर्गा जगराता आज

कोर्रा(भखारा)। ग्राम कुर्रा में नवदुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आज रात्रि में अजय उपकार जस झांकी कोटियाकला दुर्ग का जगराता कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी हिम्मत साहू ने दी है।

डाही में जसगीत कार्यक्रम आज



डाही(धमतरी)। क्वांर नवरात्रि पर ग्राम डाही में अंजनी दुलरवा जस झांकी एवं फाग परिवार भठेली (भखारा) का कार्यक्रम 17 अक्टूबर शनिवार को रखा गया है। तैयारी में समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष गितेंद्र नेताम, सचिव खोमेंद्र साहू, सहसचिव गंगाधर गंगबेर, कोषाध्यक्ष तुमेश नेताम, संरक्षक युधिष्ठिर ध्रुव, परस ठाकुर, धरम सिंह मरकाम, चंद्रहास मंडावी जुटे हैं। यह जानकारी पंडा मोहन ध्रुव एवं संतोष साहू ने दी है।


सिविल अस्पताल में कैंसर जांच शिविर आज

नगरी। सिविल अस्पताल नगरी में 17 अक्टूबर को कैंसर परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे होगा। इस शिविर में एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय का कैंसर एवं अन्य प्रकार के कैंसर से संबंधित शुरुआती लक्षणों की निःशुल्क जांच व उचित चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा।

निधन

विजयलाल चंद्राकर

धमतरी। ग्राम साल्हेभाट छुही निवासी विजयलाल चंद्राकर 95 वर्ष का निधन हो गया। वे अयनू, भूखन, जीवन, देवेंद्र और छन्नूलाल चंद्राकर के पिताजी थे। उनके निधन पर हायर सेकेंडरी स्कूल सलोनी के स्टाफ ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।



विदम चौहान

मगरलोड। नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद विदम चौहान का निधन 16 अक्टूबर शुक्रवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों नगरवासी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



स्वयंभू सिद्धिविनायक गणेश मंदिर बरबांधा में प्रज्ज्वलित हुई 101 मनोकामना ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

18 अक्टूबर को अष्टमी हवन के बाद होगी लोक कला मंच स्वरांजलि सिहावा की प्रस्तुति





ग्राम बरबांधा स्थित स्वयंभू सिद्धिविनायक श्री गणेश मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी स्वयंभू सिद्धिविनायक श्री गणेश मंदिर, भगवान विश्वकर्मा मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर एवं शिवलिंग मंदिर के सहयोग से 101 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

नवरात्रि की पंचमी तिथि पर मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान जसगीत एवं भजन मंडलियों द्वारा देर रात तक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। 18 अक्टूबर रविवार को अष्टमी हवन के पश्चात रात्रि 8 बजे विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें लोक कला मंच स्वरांजलि सिहावा के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। यह आयोजन ग्राम बरबांधा सहित भुरसीडोंगरी, आमगांव, घुरावड़, जैतपुरी, अमाली एवं सिंगनपुर के ग्रामवासियों के सहयोग से हो रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार नेताम एवं उमेश साहू ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण के साथ देखभाल भी जरूरी : अजय

बगदेही में 50 लाख से बनेगा अटल उपवन, विधायक ने किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद




कुरुद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बगदेही में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा करीब 50 लाख रुपये की लागत से अटल उपवन विकसित किया जाएगा। गुरुवार को विधायक अजय चंद्राकर ने उपवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी कृष्ण कुमार जाधव सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की आवश्यकता है। प्रकृति की रक्षा करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बढ़ते पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए पौधरोपण और हरित क्षेत्रों का विस्तार जरूरी है। केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि वे विकसित होकर वृक्ष बन सकें। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए लोगों से पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के प्रयास को व्यापक बनाया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति पौधरोपण के साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाएं तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और हरित धरोहर मिल सकेगी।

कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, जिपं सदस्य पूजा सिन्हा, जपं अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जनपद सदस्य एवन साहू, सरपंच अनसुईया ध्रुव, उपसरपंच संगीता यादव, मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, छत्रपाल बैस, कुलेश्वर चंद्राकर समेत निराला साहू, नोहर साहू, चोवाराम साहू, निरंजन साहू, विष्णु विश्वकर्मा, बीरेंद्र साहू, झम्मन साहू, ऐश्वर्या साहू, जितेंद्र साहू, जयंत ध्रुव सहित पंचगण एवं ग्रामीण मौजूद थे।

अंवरी के महामाया दरबार में जले श्रद्धा के 184 ज्योत





अंवरी। ग्राम अंवरी में स्थापित मां महामाया के दरबार में श्रध्दा के 184 ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं। माता की सेवा में पुजारी भुवन यादव, खोमेश साहू जुटे हुए हैं।

दुगली एवं राजपुर स्कूल में छात्रों को निःशुल्क कॉपियां बांटी

- शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र के विकास की नींव मजबूत : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने, उन्हें शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली एवं हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर में विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने, समाज को सशक्त करने और राष्ट्र के विकास की नींव मजबूत करने का सबसे प्रभावी साधन है। आज के विद्यार्थी ही कल के विकसित भारत के निर्माता हैं।

श्री मरकाम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को कॉपियां उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उनकी शिक्षा, आत्मविश्वास और भविष्य के निर्माण में सहयोगी बनना है। हमारा प्रयास है कि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी बच्चे की शिक्षा में बाधा न बनें और प्रत्येक विद्यार्थी को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार है। शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाता है, बल्कि अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

मौके पर पूर्व जिपं उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी, भाजपा कुकरेल मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, भाजपा मंडल नगरी अध्यक्ष राजेश गोसाईं, जनपद पंचायत सभापति शुभम यदु, नरसिंह मरकाम, विकास जैन, सौरभ नाग, दुगली सरपंच रामेश्वर मरकाम, राजपुर उपसरपंच जयकृष्ण साहू, गिरधर पटेल, पीलाराम नागेश सहित दोनों विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

कॉलेज में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने लगा शिविर

- 25 से अधिक विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन भरे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के निर्देशानुसार एवं स्वीप समिति के सदस्य महेश कुमार एवं डॉ. खुशबू ठाकुर के मार्गदर्शन में नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने तथा विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से मतदाता पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान 25 से अधिक छात्र-छात्राओं के ईसीआईएनईटी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरे गए तथा 15 से अधिक विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म 6 वितरित किए गए। विद्यार्थियों को आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के महत्व से भी अवगत कराया गया। प्राचार्य डॉ. खालसा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्वीप कैंपस एंबेसडर खुशबू व ईशांत कुमार एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों का सहयोग रहा। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बनर्जी, अंकित बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार, भुजेश मंडावी सहित सभी संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पटेल सामाजिक भवन में जल रही आस्था की ज्योति



सांकरा। क्वांर नवरात्र पर्व पर सांकरा क्षेत्र के पटेल सामाजिक भवन में आस्था और श्रद्धा की ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा है। ज्योत की दिव्य रोशनी श्रद्धालुओं के मन में भक्ति, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर भक्तजन सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। सांकरा क्षेत्र के पटेल सामाजिक भवन में प्रज्ज्वलित यह ज्योति धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं की महत्ता को भी उजागर करती है। माता की सेवा में पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, सांकरा ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम पटेल, सचिव डिगेश पटेल, कोषाध्यक्ष युवराज पटेल, खिलावन पटेल, राजू पटेल, पोखन पटेल, बेदन पटेल, रामसाय पटेल, पुनीत राम पटेल सहित अन्य जुटे हैं।

डांडेसरा में 18 को नाचा



डांडेसरा(धमतरी)। क्वांर नवरात्रि पर इस वर्ष भी नव जागृति दुर्गोत्सव समिति डांडेसरा भाठापारा द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति एवं ज्योति कलश की स्थापना की गई है। इस अवसर पर 18 अक्टूबर को रात्रि में छत्तीसगढ़ महके मोंगरा नाचा पार्टी खुंदनी गुरूर का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष हरीश साहू, सचिव पुरूषोत्तम साहू, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष देवकुमार दीवान, सहसचिव इन्द्रजीत साहू जुटे हुए हैं।

एथलेटिक्स नीड जाम प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी में जिला स्तरीय एथलेटिक्स नीड जाम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष रितिका यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिला स्तरीय हो रही है जिसमें धमतरी के चारों ब्लॉक धमतरी नगरी मगर लोड कुरूद के स्कूलों के विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। धमतरी के सेंट जेवियर स्कूल, मॉडल इंग्लिश स्कूल, डीपीएस स्कूल, शासकीय शंकरदाह हाईस्कूल, शासकीय छाती स्कूल, सेजेस आमदी स्कूल, शासकीय आमदी स्कूल, विद्याकुंज लोहरसिंग स्कूल, मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल, महानदी ट्रेनिंग अकादमी नारी, सेजेस नगरी स्कूल, शासकीय सलोनी स्कूल से सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और इसमें चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय नीड जाम मीट हैदराबाद में खेलेंगे।

इस कार्यक्रम कोच, एथलेटिक्स टेक्निकल ऑफिसियल, सहित नगर निगम के पार्षद विजय मोटवानी, पार्षद कोमल सार्वा, चंद्रभागा साहू, एल्डरमैन विजय ठाकुर, अशोक सिन्हा, सीमा चौबे, भागवत यादव, लक्ष्मण साहू जिला अध्यक्ष क्रीड़ा भारती धमतरी, शकीला देवदास डीएसओ स्कूल शिक्षा विभाग धमतरी, जेपी देव एएसओ खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी, कोच टिक्की निर्मलकर जिला सह मंत्री क्रीड़ा भारती धमतरी, पीतांबर नंदेश्वर संचालक मां भारती फिजिकल अकैडमी,व्यायाम शिक्षक ममता ठाकुर, प्रदीप सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, गिरीश गजपाल, संदीप सिन्हा आदि का सहयोग रहा।

दो सामुदायिक भवन की दी सौगात

विधायक ने किया कर्मचारी भवन का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



क्षेत्र में ढांचागत विकास को गति देने के उद्देश्य से कुरुद विधायक अजय चंद्राकर लगातार जनसंपर्क और विकास कार्यों के विस्तार में जुटे हैं। इसी क्रम में उन्होंने एक ही दिन में कुरुद नगर सहित ग्रामीण अंचल मोंगरा और कोकड़ी का सघन दौरा कर कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की नींव रखी व नवनिर्मित भवनों को जनता को सौंपा।

कुरुद नगर के केनाल रोड क्षेत्र में शासकीय तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की स्थानीय शाखा हेतु नए भवन निर्माण का भूमिपूजन विधायक चंद्राकर तथा नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की मौजूदगी में हुआ। क्षेत्रीय विधायक ने कर्मचारियों को सौगात देते हुए साझा किया कि भवन निर्माण के लिए 10 लाख का बजट मंजूर कर कार्यादेश जारी किया जा चुका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह केंद्र कर्मचारियों के कल्याण और जनहितकारी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने इसे कर्मचारी एकता और संवाद का सशक्त मंच बताते हुए आगे भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान कर्मचारी संघ के प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

दौरे के अगले चरण में विधायक ने ग्राम मोंगरा पहुंचकर सेन समाज के सामाजिक भवन का और ग्राम कोकड़ी नारी में नवनिर्मित शीतला सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। ग्रामीणों की चौपाल में उन्होंने बताया कि नारी बाईपास के साथ-साथ क्षेत्र की प्रमुख ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने स्थानीय विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की प्रगति की गति निर्बाध जारी रहेगी।

इस आयोजन में जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, थानेश्वर तारक, कमलेश चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप



चंडी मंदिर में जले श्रद्धा के चार ज्योत

अंवरी। ग्राम जोरातराई अं में स्थित मां चंडी के दरबार में चार मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। पुजारी गुलाबराम निषाद ने बताया कि मां के आशीर्वाद से ज्योति के तेल से अनेक बीमारियों का भी इलाज किया जाता है।

मां अंगारमोती के दरबार में जले 18 ज्योति कलश



अंवरी। क्वांर नवरात्रि पर पुरेना की मां अंगारमोती के दरबार में 18 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मां अंगारमोती के पुजारी महेश टंडन, हिमेश, हरीश, धर्मेंद्र, शत्रुघन, इंदर बाई ने बताया कि मान्यता है कि जो भी भक्त अपनी मनोकामना लेकर आते हैं, उसे मां अवश्य पूर्ण करती हैं।

मौसम का मिजाज बदला हल्की बारिश की संभावना



धमतरी। अंचल में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। आज और कल गरज- चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश और आसपास के क्षेत्र में बने चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक एक द्रोणिका बनी हुई है। यह समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई तक फैली है। इसके प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक मौसम खराब रहेगा। मध्य छत्तीसगढ़ में शनिवार को बादल के छाये रहने और बारिश की संभावना है। रविवार को घने बादल छाये रहने के साथ गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री और 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।



रेड थीम में सजे प्रतिभागियों ने देर रात तक किया गरबा, खचाखच भरा रहा ग्राउंड

आराध्य गरबा के पांचवें दिन रॉयल रजवाड़ा थीम ने बिखेरा आकर्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आराध्य गरबा के पंचम दिवस पर रॉयल रजवाड़ा थीम ने आकर्षण का अनूठा रंग बिखेरा। रेड कलर थीम के अनुरूप लाल रंग के आकर्षक परिधानों में सजे गरबा प्रेमियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य कर पूरे परिसर को उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर कर दिया। रात्रि 10:30 बजे के बाद भी पूरा गरबा ग्राउंड खचाखच भरा रहा।

इस अवसर पर धर्मप्रेमी एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि आयोजन में प्रतिदिन गरबा प्रेमियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। पंचम दिवस पर उमड़ी भीड़ और प्रतिभागियों के उत्साह ने आयोजन की भव्यता को एक बार फिर प्रदर्शित किया।

ग्राउंड का होगा विस्तार

आयोजन समिति के सदस्य शुभांक मिश्रा, तुषार सोनी एवं आदित्य पंसारी ने बताया कि आराध्य गरबा के प्रति लोगों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। प्रतिदिन गरबा खेलने वाले प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसे देखते हुए आयोजन स्थल पर उपलब्ध स्थान को और विस्तृत करने की दिशा में पहल की जाएगी।

विजेताओं को पंडित राजेश शर्मा ने किया सम्मानित

विभिन्न श्रेणियों के विजेता प्रतिभागियों को आयोजक पंडित राजेश शर्मा ने पुरस्कृत किया। विजेताओं को सम्मानित कर उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन में प्रतियोगिताओं और पुरस्कार वितरण ने गरबा प्रेमियों के उत्साह को और बढ़ा दिया।

'हमर माटी, हमर संस्कृति' की थीम पर झूमे युवा



■ हरे रंग की वेशभूषा में नजर आए युवा, आमा पान के पतरी गीत पर किया गरबा रास

क्वांर नवरात्र पर धमतरी में आयोजित नवरंग गरबा में तीसरे दिन हमर माटी, हमर संस्कृति की थीम पर गरबा रास का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा हरे रंग की आकर्षक वेशभूषा में शामिल हुए। पारंपरिक गीतों और भक्तिमय संगीत की धुन पर युवाओं ने उत्साह के साथ गरबा किया और माता की आराधना कर अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम में आमा पान के पतरी सहित विभिन्न गीतों पर युवाओं ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। हर दिन अलग-अलग थीम पर आयोजित हो रहे इस गरबा उत्सव में युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने प्रतिदिन सरप्राइज पुरस्कार भी वितरित किए जा रहे हैं। समाजसेवी ऋतुराज पवार ने बताया कि नवरंग गरबा का उद्देश्य युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही मां दुर्गा की आराधना के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराना है। अलग-अलग थीम के माध्यम से आयोजन को आकर्षक और यादगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन माता की आरती के बाद होती है। नवरंग गरबा में भक्ति, संस्कृति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

गरबा नारी शक्ति और एकता का प्रतीक



हेमंत राजपूत, कुणाल ठाकुर, अंकित मंधान, भूमि मूलवानी, साकेत रोहरा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

शारदीय नवरात्रि पर शहर में आयोजित नवरंग गरबा महोत्सव में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू शामिल हुईं। आयोजकों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व है और गरबा नारी शक्ति, उत्साह और एकता का प्रतीक है। आज हमारी बहन-बेटियां गरबा के माध्यम से अपनी प्रतिभा और संस्कृति को आगे बढ़ा रही हैं। इस दौरान पार्षदगण अनीता अग्रवाल, चंद्रभागा साहू, नम्रता पवार, विभा चंद्राकर, कोमल सार्वा, मयूरी पवार, जय हिन्दूजा, दौलत वाधवानी एवं गरबा समिति के सदस्यगण पप्पू शिंदे, गुलशन छाबड़िया,

शहर विकास के बड़े प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने पर जोर



■ लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष ने निर्माणाधीन विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी ने शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदारों एवं पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अर्जुनी-खपरी में 18 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे हाईटेक बस स्टैंड, 7 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम तथा कांटा तालाब में 2 करोड़ रुपये से बन रही चौपाटी का जायजा लिया।

श्री मोटवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को समय पर पूरा कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा निविदा की शर्तों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

उन्होंने इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री एवं महापौर के प्रति आभार जताया। साथ ही जनहित में नई विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए संबंधित जिम्मेदारों को कार्ययोजना सौंपने की बात कही।

सुरों में सजी दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा जसगीत से बना रहे अपनी नई पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रतिभा शारीरिक सीमाओं की मोहताज नहीं होती। इसका उदाहरण रुद्री स्थित दिव्यांग आवासीय प्रशिक्षण केंद्र एक्जेक्ट फाउंडेशन के बच्चे प्रस्तुत कर रहे हैं। संस्था के दिव्यांग बच्चे पिछले तीन वर्षों से जसगीत गाकर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

संस्था के बच्चे धमतरी के प्रसिद्ध अंगारमोती माता मंदिर, बिलाई माता मंदिर, शीतला माता मंदिर सहित ब्राह्मणपारा और जालमपुर के दुर्गा पंडालों में जसगीत की प्रस्तुति दे चुके हैं। बच्चों की मधुर आवाज और भक्ति से परिपूर्ण गायन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो जाते हैं। सभी बच्चों ने संस्था में ही गीत गाना सीखा है। गुरुवार को विवेकानंद स्थित धमतरी की महारानी दुर्गा पंडाल में जसजीत की प्रस्तुति दी ।

फाउंडेशन की संचालिका लक्ष्मी सोनी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें समाज में पहचान दिलाना और आत्मविश्वास बढ़ाना है। संगीत के माध्यम से बच्चों में अभिव्यक्ति, सामूहिक सहभागिता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हो रही है। संस्था के प्रतिभाशाली बच्चों में जयश्री सोनकर, दामिनी सोनकर, चंचल सोनी, पूजा मरकाम, राखी क्षत्रिय, वर्षा ध्रुव, हुलस सिन्हा और खुशबू शामिल हैं। इनकी प्रस्तुतियों को दर्शकों का भरपूर स्नेह मिल रहा है।



विवेचकों को दिए प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण विवेचना के निर्देश

■ एसपी भावना पांडेय के निर्देशन में हुई अपराध समीक्षा बैठक

धमतरी। एसपी भावना पांडेय के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा एवं धमतरी नगर अनुविभाग में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एएसपी देव चरण पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठकों में लंबित अपराधों, अपराध निराकरण और सीसीटीएनएस कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में विवेचकों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण करने, साक्ष्यों का विधिसम्मत संकलन और गुणवत्तापूर्ण विवेचना करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीएनएस में सही एवं समयबद्ध जानकारी दर्ज करने और थाना प्रभारियों को अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रभावी पुलिसिंग, जवाबदेही और आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के निर्देश भी दिए।

अंचल की खबरें

श्रीराम की भक्ति में आध्यात्मिक शक्ति होती है : कविता



■ रींवागहन में आयोजित रामधुनी के समापन कार्यक्रम में शामिल हुईं जिपं सदस्य

धमतरी। ग्राम रींवागहन में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन बाल समाज लीला समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। समापन अवसर की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर थीं। भगवान श्रीराम के चित्र की पूजा- अर्चना के बाद सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन से आपसी भाइचारा, प्रेम, सौहार्द्र का निर्माण होता है। श्रीराम की भक्ति में आध्यात्मिक शक्ति होती है। मौके पर सरपंच देवबती कोर्राम, हुलार सिंग कोर्राम, धिराज राम ध्रुव, बलराम नेताम, कमलेश ध्रुव, प्रेमनारायण साहू, रामेश्वर साहू, राजेश कैशाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

हॉकी स्पर्धा में सलोनी के 11 खिलाड़ियों का चयन



धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की एक खिलाड़ी हिना साहू पिता जितेंद्र साहू तथा पूर्व माध्यमिक शाला के 10 खिलाड़ी 14 वर्ष से कम आयु वर्ग बालिका में अर्चना पिता रमेश कुमार कंवर, डोमेश्वरी पिता इंद्रेश कुमार ध्रुव, गीत पिता चंद्रप्रकाश साहू, चेतना पिता जेठू राम कंवर, गीतिका चंद्रप्रकाश साहू, ऐश्वर्या पिता हीरालाल यादव, होमिन पिता खेमलाल ध्रुव, दोनिका पिता चंद्रहास ध्रुव तथा बालक वर्ग में गेमान पिता नरेंद्र कुमार साहू एवं एचडी थलवीर पिता हेमलाल सिंह सिन्हा का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 18 अक्टूबर तक रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में होगी। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य वीके श्रीवास ,पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक जेआर नेताम एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ब्राम्हण समाज के निर्माणाधीन भवन में बोर खनन के लिए हुआ भूमिपूजन



धमतरी। धमतरी ब्राम्हण समाज तहसील शाखा द्वारा निर्माणाधीन सोरिद स्थित भवन में बोर खनन कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भवन का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। समाज के इस भवन का निर्माण धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। भवन में बोर खनन कार्य प्रारंभ होने से निर्माण कार्य को गति मिलने के साथ ही भविष्य में भवन के उपयोग के लिए जल सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस कार्य को लेकर समाज के लोगों में उत्साह और हर्ष का वातावरण है। मौके पर राजेंद्र श्रोती, बीपी तिवारी, भूपेंद्र मिश्रा, सूरज तिवारी, प्रदीप शर्मा, एनके शर्मा, विक्रांत शर्मा, राकेश तिवारी, सत्येंद्र शर्मा, प्रहलाद शर्मा, रोहिताश मिश्रा, पूजा मिश्रा, अमन कुमार पांडेय उपस्थित थे।

आदिम जाति विकास विभाग का नाम बदलने पर आक्रोश



■ आदिवासी कांग्रेस ने विभाग का नाम पूर्ववत रखने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

धमतरी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मंत्रिपरिषद में आदिम जाति विकास विभाग का नाम बदलकर जनजातीय कार्य विभाग किए जाने के निर्णय का आदिवासी कांग्रेस ने विरोध किया है। जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है। आदिम जाति विकास विभाग का नाम आदिवासी समाज की ऐतिहासिक पहचान, सांस्कृतिक अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। समाज, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से चर्चा किए बिना नाम बदलने का निर्णय लिया गया, जिससे समाज में आक्रोश है। आदिम शब्द आदिवासियों को इस धरती का मूल निवासी और प्रथम नागरिक होने का बोध कराता है। विभाग का नाम पूर्ववत आदिम जाति विकास विभाग रखने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान और सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। शासन को नाम परिवर्तन का निर्णय वापस लेना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक लेखराम साहू, शरद लोहाना, मोहन लालवानी, दीपक सोनकर, विजय देवांगन, राजू सोम सहित आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंगारा के अंगारमोती मंदिर में जली आस्था की ज्योति



डाही(धमतरी)। ग्राम अंगारा में स्थित मां अंगारमोती माई मंदिर में भक्तों का तांता लग रहा है। भक्तों ने अंगारमोती माई को चुनरी- श्रृंगार अर्पित किया। भक्ति भाव से मां की पूजा- अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 41 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

खबर संक्षेप

डाही में 15 फीट का रावण जलेगा

डाही(धमतरी)। दशहरा पर्व पर ग्राम डाही में रामलीला का मंचन किया जाएगा। नवयुवक बाल समाज मंडली द्वारा पुराना बाजार चौक पर रावण का पुतला दहन किया जाएगा। 15 फीट के रावण का पुतला जलाया जाएगा। इस बार रामलीला में रावण की भूमिका रमन पटेल निभायेंगे।

बॉक्सिंग में प्रतीक धनकर का चयन



धमतरी। व्योम मार्शल आर्ट्स अकादमी के बॉक्सर प्रतीक धनकर बिलासपुर में आयोजित राज्यस्तरीय इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। प्रतीक अब ग्रेटर नोएडा उत्तरप्रदेश में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उनकी उपलब्धि पर प्रशिक्षक लोकेश साहू, लेखराज साहू एवं दुर्गेश पटेल ने हर्ष जताया है।

सिर्वे में रामलीला का मंचन 18 से

जीजामगांव। ग्राम सिर्वे में जय सरस्वती लीला मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 18 अक्टूबर से तीन दिवसीय रामलीला का मंचन बजरंग चौक में किया जाएगा। प्रथम दिवस 18 अक्टूबर को लंका दहन, द्वितीय दिवस 19 अक्टूबर को रावण अंगद संवाद , तृतीय दिवस 20 अक्टूबर को रावण वध का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ऐश्वर्य यदु, कुलेश्वर ध्रुव, परमेश्वर साहू, चन्द्रशेखर निर्मलकर, ईश्वर दास, लक्ष्मण निर्मलकर, मोहनलाल यदु, सोनजीत साहू समेत अन्य जुटे हुए हैं। मंडली के अध्यक्ष एवं संचालक डॉ चोवाराम यदु ने कहा कि मंडली का उद्देश्य गांव में विलुप्त हो रही रामलीला को जीवित रखना है।

ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखवाने का विद्यार्थियों ने किया विरोध

धमतरी। पीजी कॉलेज धमतरी में 15 अक्टूबर को सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र ब्लैकबोर्ड पर लिखवाने का विद्यार्थियों ने विरोध किया। राकेश मौर्य एवं अन्य विद्यार्थियों का कहना है कि जब वे आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के लिए शुल्क जमा करते हैं, तो उन्हें प्रश्नपत्र छापकर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे उन्हें परीक्षा के प्रश्नों को सुरक्षित रखने और मुख्य परीक्षा सहित अन्य परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं होने से भविष्य में पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी में समस्याएं आ सकती हैं। उन्होंने उचित व्यवस्था की मांग की।

सुखराम कॉलेज में मतदाता जागरूकता शिविर

नगरी। सुखराम नागे कॉलेज में नए मतदाताओं को निवार्चन प्रक्रिया से जोड़ने एवं उनका वोटर आईडी कार्ड बनाने प्राचार्य डॉ. अश्वनी ध्रुव के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. आरआर मेहरा के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। प्रो. मेहरा ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फार्म 6 वितरित किए गए। शिविर में 39 से अधिक छात्र-छात्राओं ने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन फार्म भरे।

पुलिस ने पैरालीगल वालंटियर्स को दिया साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण

डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसपी भावना पांडेय के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय परिसर के सभागार में पैरालीगल वालेंटियर्स के लिए विशेष साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत साहू एवं उनकी तकनीकी टीम ने विभिन्न थानों से जुड़े पैरालीगल वालंटियर्स को साइबर अपराधों के नए तरीकों, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी और उनसे बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। प्रशिक्षित वालंटियर्स को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आमजन तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।



डिजिटल अरेस्ट और फर्जी पुलिस अधिकारियों से रहें सावधान

प्रशिक्षण के दौरान फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर धमकाने, वीडियो कॉल के जरिए मानसिक दबाव बनाने, फर्जी निवेश योजनाओं, ऑनलाइन टास्क के नाम पर ठगी तथा बैंक और सिम कार्ड केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया गया।

बैंकिंग जानकारी साझा न करने की अपील

साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण में मोबाइल और बैंकिंग जानकारी की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी या बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा न करें। इसके अलावा, अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड करने तथा कस्क्रीन-शेयरिंग ऐप इंस्टॉल करने से बचने की जानकारी दी गई।

गांवों से शहरों तक जागरूकता फैलाएंगे पैरालीगल वालंटियर्स

पुलिस ने पैरालीगल वालेंटियर्स से अपने कार्यक्षेत्र के गांवों, शहरों, हाट-बाजारों, स्कूलों, मोहल्लों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। विशेष रूप से महिलाओं, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और ग्रामीण नागरिकों तक साइबर सुरक्षा की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया गया। पुलिस ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम और सुरक्षित डिजिटल वातावरण के निर्माण के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है।

विशेष बच्चों की रक्तबीज वध पर आधारित लघुनाटिका ने मोहा मन

- बच्चों को अवसर देकर उनकी प्रतिभा को निखारना ही सच्ची सेवा : पं. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सार्थक स्कूल में नवरात्रि उत्सव भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धर्मप्रेमी समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि प्राची सोन एल्डरमेन ने किया।

उत्सव का मुख्य आकर्षण विशेष बच्चों द्वारा मां काली के रक्तबीज वध पर आधारित लघुनाटिका रही। बच्चों ने अपने अभिनय, भाव-भंगिमाओं और आपसी तालमेल से पौराणिक प्रसंग को सजीव कर दिया। मां काली की भूमिका मनीषा साहू, राक्षसों की भूमिका कुलदीप बंजारे, एकलव्य पटेल एवं नेमेश विनीत ने निभाई। भारती, वत्सला एवं प्रीति ने देवियों तथा ईशु ने भगवान शंकर की भूमिका निभाई।

मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि मां दुर्गा द्वारा रक्तबीज का वध बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह प्रसंग सिखाता है कि साहस, विवेक और दृढ़ संकल्प से हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। आगे कहा कि विशेष बच्चों में भी असीम संभावनाएं हैं। उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें समान अवसर और सम्मान देना ही सच्ची सेवा है। ऐसे प्रयास मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाते हैं।

प्राची सोनी ने कहा कि ऐसे आयोजन विशेष बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। समाज को उनकी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए।

अतिथियों ने बच्चों के साथ गरबा एवं डांडिया खेलकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। सार्थक स्कूल के सदस्य गौरव लोहाना ने बच्चों के लिए 20 जोड़ी डांडिया प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा राठौड़ ने किया। सार्थक स्कूल की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में सार्थक स्कूल के बीओडी सदस्य प्रतिभा अग्रवाल एवं सुभाष मलिक सहित प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, कौशल्या यादव, काजल रजक, सुनैना गोड़े, सविता शेख, शकुंतला सोनी, प्रेमबती साहू एवं सुमित नागवानी की सहभागिता रही।

मां की चुनरी यात्रा से सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का होगा संगम

- सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष के नेतृत्व में आज निकलेगी भव्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

यात्रा में मां का विशाल रथ, मां की विशाल चुनरी, नव दुर्गा की सजीव झांकी, आंगादेव, जसगीत मंडली, रामसत्ता, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, अखाड़ा प्रदर्शन, भजन मंडली, दुर्गा बैंड और निशान बाजा सहित विभिन्न समाजों के इष्ट देवी-देवताओं की झांकियां शामिल होंगी। दीपों की विशाल श्रृंखला, आकर्षक आतिशबाजी और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी यात्रा की शोभा बढ़ाएंगी।

सनातन धर्म, संस्कृति, संस्कार और परंपराओं के संरक्षण के साथ सामाजिक एकता और धार्मिक गौरव का संदेश देने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर को सनातन संस्कृति संगम महोत्सव अंतर्गत मां की चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष महेश रोहरा, अशोक पवार ने बताया कि 17 अक्टूबर को शाम 4 बजे दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर प्रांगण पुराना बस स्टैंड से मां कीचुनरी यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा शास्त्री चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर, सदर बाजार और णेश चौक होते हुए नगर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचेगी। यहां मां के आंचल की छांव में यात्रा का समापन होगा।

मां अंगारमोती मंदिर परिसर में चला स्वच्छता अभियान

- अधिकारी-कर्मचारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को गंगरेल स्थित आदिशक्ति मां अंगारमोती मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों, वन विभाग की टीम, डिफेन्स एकेडमी,एनसीसी कैडेट पीजी कॉलेज, ग्राम पंचायत गंगरेल के जनप्रतिनिधियों, दुकानदारों और मां अंगारमोती ट्रस्ट के सदस्यों ने सहभागिता निभाते हुए साफ-सफाई की।

नवरात्रि के दौरान मां अंगारमोती मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, स्वच्छ भारत मिशन के रविन्द्र वर्मा, आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, देवानंद नेताम, मानसिंह मरकाम, घनश्याम नेताम, रामेश्वर मरकाम, राजेंद्र पडौटी, तिजेंद्र कुंजाम, नरेंद्र नेताम, हरि नेताम, रोशन मरकाम, सोहन कुंजाम सहित अन्य उपस्थित थे।

नवरात्रि का पर्व प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश देता है

- ग्राम डोड़की में प्रीतेश ने की मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शारदीय नवरात्रि पर ग्राम डोड़की में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा छग के प्रदेश सहकार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी शामिल हुए। उनके साथ पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा भी मौजूद थे। श्री गांधी ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने जस सेवा मंडली के साथ पारंपरिक जसगायन में भी सहभागिता की।

इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व है साथ ही आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करती है।

मां जगदम्बा की भक्ति से प्राप्त सकारात्मक ऊर्जा को समाज की सेवा, परस्पर सहयोग और राष्ट्रहित के कार्यों में लगाना चाहिए।

आगे कहा कि हमारी सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपराएं समाज को एकता, अखंडता और विश्व बंधुत्व का संदेश देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों के अनुरूप सामाजिक समरसता और विश्व बंधुत्व की भावना को आगे बढ़ाना आज समय की आवश्यकता है।

मौके पर पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रियंका सिन्हा, दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष हितेश सिन्हा, नारायण सिन्हा, मोहन सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, अगनूराम सिन्हा, सुरेश सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, राजीव सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





